# डिलौरा गोलीकांड का पर्दाफाश: योजनाबद्ध तरीके से की थी फायरिंग, 4 आरोपी पिस्तौल समेत गिरफ्तार

**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत डिलौरा में दिनदहाड़े हुई गोलीबारी की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है,जिन्होंने एक सुनियोजित साजिश के तहत फायरिंग की थी। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई पिस्तौल और दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की हैं। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेन्द्र सिंह बघेल और नगर पुलिस अधीक्षक डी.पी.सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोलगवां निरीक्षक सुदीप सोनी के नेतृत्व में यह त्वरित कार्रवाई की गई। फरियादी चंदन द्विवेदी 19 वर्ष,निवासी डिलौरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दोपहर करीब 1 बजे वह अपने दोस्त सिब्बू तिवारी के साथ टिकुरिया टोला में खड़े थे।तभी दो मोटरसाइकिलों पर मुंह पर गमछा बांधे चार व्यक्ति आए और उन्हें गाली देते हुए जान से मारने की नीयत से उन पर पिस्तौल से फायर कर दिया। चंदन के भागने पर गोली उसे न लगकर पास खड़ी एक काले रंग की होंडा अमेज कार में लगी।आरोपियों ने पीछा करते हुए एक और हवाई फायर किया। फरियादी की रिपोर्ट पर कोलगवां थाने में संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया था।



### सनसनीखेज खुलासा रंजिश में फंसाने की साजिश

विवेचना के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ कि यह गोलीकांड आपसी रंजिश में दूसरे पक्ष को फंसाने की सोची-समझी साजिश थी। देव पटारिया के रिश्तेदार ध्रुव पटारिया का विराट बिन्द,निलय सिंह,आनंद प्रजापति और आकाश वर्मा से पुराना विवाद हुआ था। इसी का बदला लेने के लिए देव पटारिया और कान्हा कुशवाहा ने अपने साथियों विपुल उर्फ तुषार द्विवेदी,रवि द्विवेदी,अंश कुशवाहा और भैया खान उर्फ साहिल के साथ मिलकर योजना बनाई। उनकी योजना थी कि वे चंदन द्विवेदी को गोली मारेंगे,क्योंकि चंदन का भी निलय और आनंद से पुराना विवाद है। इससे शंका के आधार पर चंदन द्विवेदी गोलीकांड का आरोप विराट बिन्द और उसके साथियों पर लगाएगा,और वे मुकदमे में फंस जाएंगे। देव पटारिया ने गवाह बनने की भी बात कही थी।



### आरोपियों की गिरफ्तारी

योजना के अनुसार विपुल द्विवेदी,भैया खान,अंश कुशवाहा और रवि द्विवेदी दो अलग-अलग मोटर साइकिलों से चंदन पर फायरिंग करने पहुंचे। इस दौरान देव पटारिया और कान्हा कुशवाहा आसपास मौजूद थे। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर चार आरोपियों-विपुल उर्फ तुषार द्विवेदी,अंश कुशवाहा,रवि उर्फ बड्डा द्विवेदी और आर्यन उर्फ कान्हा कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि,मौके से दो लड़के भागने में सफल रहे,जिनकी तलाश जारी है।

### आरोपियों के कब्जे से

घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल,घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें जप्त की गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोलगवां निरीक्षक सुदीप सोनी के नेतृत्व में सम्पूर्ण कोलगवां टीम और सायबर सेल की टीम की सराहनीय भूमिका रही।

**कुख्यात अपराधी 'आर्यन कुशवाहा' और 'रवि उर्फ बड्डा द्विवेदी' का आपराधिक रिकॉर्ड**
पुलिस ने शहर के दो कुख्यात व्यक्तियों का आपराधिक रिकॉर्ड जारी किया है। आर्यन कुशवाहा उर्फ अमन उर्फ कान्हा 25 वर्ष टिकुरिया टोला,थाना कोलगवां निवासी आर्यन कुशवाहा पर 2020 से 2024 तक थाना कोलगवां और कोतवाली में 17 गंभीर मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास (307),रंगदारी (386),आर्म्स एक्ट (25/27),एससी/एसटी एक्ट और मारपीट जैसी कई धाराओं में मामले दर्ज हैं। रवि उर्फ बड्डा द्विवेदी 19 वर्ष पोडी गरदा बरा थाना उचेहरा निवासी,हाल कंधी गली टिकुरिया टोला निवासी रवि उर्फ बड्डा द्विवेदी पर थाना कोतवाली में एक अपराध क्रमांक 725/2024 दर्ज है।

## नकबजनी का आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया



**सतना।** पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नागौद के निर्देशन में,थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में नागौद पुलिस को चोरी के एक मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नकबजनी के एक आरोपी को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है और उसे माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। फरियादी प्रमोद कुमार द्विवेदी पिता केशरी नंदन,निवासी कचेहरी के सामने,वार्ड क्र. 3,नागौद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ अपने गांव पिन्ड्रा चले गए थे। जब वे घर वापस आए तो देखा कि घर के अंदर ड्रम में रखा लगभग दो क्विंटल गेहूं जमीन पर बिखरा हुआ था और अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया था। इस रिपोर्ट पर संबंधित धाराओं में अपराध कायम कर विवेचना शुरू की गई।

### आरोपी की गिरफ्तारी और माल की बरामदगी

विवेचना के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर भोले शंकर पाण्डेय पिता स्व.रामसंजीवन पाण्डेय, उम्र 35 वर्ष, निवासी हरदुआ मोहल्ला,वार्ड क्र. 02,नागौद को दस्तयाब कर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध कबूल करते हुए बताया कि रात को प्रमोद कुमार द्विवेदी के घर में घुसकर ड्रम से करीब दो क्विंटल गेहूं चोरी किया था। आरोपी ने बताया कि वह लगभग एक क्विंटल गेहू 04 बोरी 3-4 दिन पहले बेच चुका था। शेष बचा लगभग 01 क्विंटल 10 किलो गेहूं 04 बोरी वह आज दिनांक 07 अक्टूबर 2025 को गल्ला मंडी में बेचने की फिराक में था,तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 04 बोरियों में कुल 01 क्विंटल 10 किलो गेहूं जप्त किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय,उपनिरीक्षक अजीत वर्मा, और आरक्षक 266 सचिनदास की विशेष भूमिका रही।

## मैहर में रहस्यमय परिस्थितियों में टेंट कर्मी की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**मैहर/सतना।** नगर के न्यू वार्ड नंबर 14,रेलवे कॉलोनी के पास,चंडीगंज कटरा क्षेत्र में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक टेंट कर्मी का शव उसके घर के बाहर खून से लथपथ हालत में मिला। मृतक की पहचान इंकू कोल 42 वर्ष के रूप में हुई है,जो पेशे से टेंट हाउस में काम करता था। सूचना मिलते ही मैहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया।मृतक के पिता फगुना कोल ने आशंका जताई है कि उनका बेटा टेंट के काम के दौरान किसी ऊँचाई से गिर गया होगा,और डर के कारण उसके साथी शव को छोड़कर भाग गए होंगे। परिजनों का कहना है कि इंकू कोल सीधा-सादा व्यक्ति था और उसका किसी से कोई विवाद नहीं था। यह घटना रविवार



और सोमवार की दरमियानी रात की बताई जा रही है। मैहर थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि मौत के स्पष्ट कारणों और रात में इंकू कोल के साथ मौजूद लोगों का पता लगाया जा सके। क्षेत्र में इस रहस्यमय मौत से मातम का माहौल है।

## स्वर्णकार समाज द्वारा आदिदेव महाराजा अजमीढ़ जयंती समारोह संपन्न

**सतना।** स्वर्णकार समाज सतना द्वारा आयोजित,महाराजा अजमीढ़ जयंती समारोह हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन के सभाध्यक्ष बनमाली प्रसाद सोनी कुलाधिपति एकेएस विश्वविद्यालय सतना रहे।विशिष्ट अतिथि स्वर्णकार समाज सतना की 16 समितियों के विशिष्ट समाज सेवी उपास्थित रहे। समारोह का शुभारंभ महाराजा अजमीढ़ देव जी की पूजा अर्चना,आरती कर दीप प्रज्जववन से किया गया। स्वागत गीत सुरेश कुमार सोनी पूर्व सचिव द्वारा प्रस्तुत किया गया। समाज का वार्षिक प्रतिवेदन संतोष कुमार सोनी सचिव द्वारा वाचन किया गया।

समाज के अध्यक्ष कैलाश सोनी द्वारा धारा 411 पर अपने विचार रखे गये तथा सोने चाँदी के बढ़ते मूल्य व अस्थिरता के कारण व्यवसाय की मंदी पर चिंता व्यक्त किया गया। पूर्व अध्यक्ष अमित कुमार सोनी ने अपने वक्तव्य में समाज के विकास हेतु तन मन-धन से सहयोग की अपेक्षा की गई। सभाध्यक्ष ने अपने संबोधन में सभी को महाराजा अजमीढ़ जयंती की शुभकामनायें एवं बधाईयाँ दी उन्होंने 80 आयु समूह



के महिला पुरुषों का चरण वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।समन्वय समिति के हरिओम गुप्ता,मनमोहन माहेश्वरी,हेमचन्द जायसवाल, लखनलाल केशरवानी व अनिल शर्मा उपस्थित रहे व उन्होंने अजमीढ़ जयंती की बधाई दी। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता जूनियर व सीनियर वर्ग आकर्षण का केन्द्र रही। आयोजन में गीत गायन,नृत्य,रंगोली एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन सभा में सभी मंचासीन विशिष्ट जनों का शाल,श्रीफल व शील्ड एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया व ससम्मान बिदाई की गई। सभा का संचालन सुरेश कुमार सोनी व संतोष कुमार सोनी ने किया।

### अज्ञात कारणों के चलते युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सतना।** नागौद थाना व पोड़ी चौकी के समीप मझगमा गाँव में अज्ञात कारणों के चलते एक 26 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक युवती की पहचान शिवानी गौतम के रूप में हुई है, जो भैंसवार गाँव की रहने वाली थी। माता-पिता की मृत्यु के बाद वह पिछले करीब 15 वर्षों से मझगमा में अपने मामा ओमप्रकाश पाण्डेय के यहां रह रही थी। सूचना पर पोड़ी चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

### बहन की शादी के लिए लाए गए गहने चोरी, लाखों का माल पार

**सतना।** अमरपाटन थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली चोरी की घटना सामने आई है। एक भाई ने अपनी बहन की शादी की तैयारियों के लिए बाज़ार से सोने और चाँदी के गहने खरीदे थे। गहनों को घर में रखकर वह परिवार सहित भोपाल चले गए और घर पर ताला लगा दिया। अज्ञात चोरों को घर के सूने होने की जानकारी मिली। चोरों ने घर के दरवाज़े का कुंदा उखाड़ दिया और अंदर घुस गए। उन्होंने लगभग तीन लाख पचास हज़ार रुपये के गहने,पंद्रह हज़ार रुपये नकद और घर का कुछ राशन भी चुरा लिया। पीड़ित परिवार के लौटने पर चोरी की जानकारी हुई,जिसके बाद उन्होंने तत्काल अमरपाटन थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर जांच शुरू कर दी है और अज्ञात चोरों के खिलाफ़ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## माँ शारदा के दरबार में काशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारी बंटी महाराज ने किए दर्शन



**मैहर।** काशी विश्वनाथ मंदिर,वाराणसी के पुजारी बंटी महाराज ने अपने परिवार सहित सोमवार को माँ शारदा धाम मैहर में दर्शन किए। मैहर पहुँचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। महाराज ने माँ शारदा के दरबार में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। दर्शन के उपरांत उन्होंने माई की रसोई में प्रसाद ग्रहण किया,जहाँ संचालक पंडित धीरज महाराज ने उनका स्वागत किया।इस दौरान बंटी महाराज ने भक्तों को माँ शारदा का भोग वितरण भी किया,जिससे पूरा धाम जयकारों से गूँज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया।

### राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो का सतना में सम्मान

**सतना। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो अपने सतना प्रवास के दौरान सौजन्य भेंट के लिए समाजसेवी-भाजपा नेता मनीष तिवारी के बिहारी चौक स्थित आवास पर पहुँचे। श्री तिवारी ने श्री कानूनगो का आत्मीय स्वागत और सम्मान किया।**
उन्होंने तिलक लगाकर,शाल, श्रीफल और प्रभु श्री राम की प्रतिमा भेंट की। इस मुलाकात के दौरान दोनों के बीच समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर रजनीश तिवारी,जितेंद्र 'जीतू' तिवारी,राजेंद्र नामदेव,अमित पांडे सहित बड़ी संख्या में सहयोगी और परिजन उपस्थित रहे।





## माँ लक्ष्मी पूजन से आलोकित हुआ प्रिज्म परिसर

**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के सीमेंट डिवीजन, मनकहरी परिसर में 6 और 7 अक्टूबर 2025 को माँ लक्ष्मी पूजन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह पारंपरिक धार्मिक कार्यक्रम पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया,जिसमें कंपनी के अधिकारी,कर्मचारी एवं उनके परिवारजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। कंपनी के डीजीएम-सीएसआर एंड पब्लिक रिलेशन देवेन्द्र मिश्रा ने जानकारी देते हुये बताया कि मुख्य यजमान अमित बिहानी, असिस्टेंट वाइस प्रेसीडेंट, एकाउण्टस एंड फाइनेस द्वारा पूजन कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत मंत्रोच्चार,दीप प्रज्वलन और माँ लक्ष्मी की मूर्ति स्थापना एवं अभिषेक से हुई। उपस्थित सभी सदस्यों ने समृद्धि,शांति और सुख-समृद्ध जीवन की कामना की। परिसर को रंग-बिरंगे फूलों,दीपों और साज-सज्जा से सजाया गया था,जिससे वातावरण में पवित्रता और आनंद का संचार हुआ। बच्चों एवं कर्मचारियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं,जिनमें भक्ति गीत,नृत्य,कविताएँ और समूह प्रदर्शन शामिल रहे। प्रस्तुतियों में पारिवारिक एकता,भारतीय संस्कृति और उत्सव के मूल भाव का सुंदर प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने माँ लक्ष्मी के समक्ष दीप अर्पित किए और प्रसाद ग्रहण किया। पूरे कॉलोनी परिसर में दो दिनों तक उत्सव और आनंद का वातावरण बना रहा।इस अवसर पर मनीष कुमार सिंह (प्रेसीडेंट एंड प्लांटहेड),डॉ.मनीष कुमार सिन्हा (सीनियर वाइस प्रेसीडेंट,एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स),विनोद श्रीवास्तव (सीनियर वाइस प्रेसीडेंट,एमआरएम एंड माइनिंग),ओ.पी.वर्मा (वाइस प्रेसीडेंट-हेड इंजीनियरिंग एंड टी यूस), असिस्टेंट वाइस प्रेसीडेंट,सेक्युरिटी एंड एडमिन कर्नल मनीष प्रसाद सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारी एवं कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### उचेहरा में चार पहिया वाहन की टक्कर से 13 वर्षीय किशोरी की मौत

**सतना।** उचेहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सतना-उंचेहरा स्टेट हाईवे पर एक दुखद सड़क दुर्घटना हुई है। देर रात अकहा गाँव के पास एक चार पहिया वाहन ने 13 वर्षीय किशोरी रूपा साकेत को टक्कर मार दी। रूपा साकेत नौगवाँ की निवासी थी। टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से 112 डायल पुलिस ने घायल किशोरी को तुरंत सिविल अस्पताल उंचेहरा में भर्ती कराया। हालांकि,देर रात करीब 1 बजे किशोरी की मृत्यु हो गई। सुबह 11 बजे मृतिका का शव परीक्षण किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त चार पहिया वाहन को ज़ब्त कर लिया है और घटना के संबंध में विवेचना (जाँच) की जा रही है।

### मैहर में मंदिर परिसर में 'साइबर जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन

**मैहर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत साइबर सेल और थाना कोतवाली मैहर की टीम ने बड़ी माई मंदिर परिसर में एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य आमजन को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, OTP फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया अपराध, फर्जी लिंक और बैंकिंग फ्रॉड जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल भाषा में जानकारी दी गई। नागरिकों को बताया गया कि साइबर अपराध की स्थिति में वे www.cybercrime.gov.in पोर्टल पर या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर तुरंत शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस कार्यक्रम से डिजिटल सुरक्षा के उपायों को लेकर जागरूकता बढ़ी है।

### बौद्धिक एवं कलात्मक विकास के लिए मैहर में दीपोत्सव पर रंगोली प्रतियोगिता 12 को

**मैहर।** नगर के विद्यार्थियों के बौद्धिक और कलात्मक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार तीसरे वर्ष भी निःशुल्क रंगोली प्रतियोगिता एवं प्रोत्साहन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। दीपावली के उपलक्ष्य में यह प्रतियोगिता इस वर्ष 12 अक्टूबर, रविवार को आयोजित होगी, जिसमें नगर की विभिन्न संस्थाओं से सैकड़ों विद्यार्थी भाग लेंगे। इस वर्ष प्रतियोगिता को दो समूहों में बाँटा गया है: कक्षा 9वीं से 12वीं तक (जूनियर ग्रुप) और महाविद्यालय विद्यार्थी (सीनियर ग्रुप)। एक घंटे की इस कलात्मक स्पर्धा का शुभारंभ दोपहर 12:30 बजे होगा। प्रतियोगिता समाप्ति के बाद दोनों ग्रुपों में प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान के साथ दो-दो सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे,साथ ही प्रत्येक प्रतिभागी को सहभागिता प्रमाण पत्र मिलेगा। छात्र परिषद के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक रूपरेखा तय कर ली गई है।

### मैहर: सुप्रीम कोर्ट सड़क सुरक्षा समिति अध्यक्ष ने ली अधिकारियों की बैठक



**मैहर।** उच्चतम न्यायालय सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष पूर्व न्यायमूर्ति अभय मनोहर सपरे ने कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने बैठक में सड़क सुरक्षा के संबंध में गहन चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल नागर,एसडीएम दिव्या पटेल,आरटीओ संजय श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 2 दिन से युवक लापता गुमशुदगी का मामला दर्ज



**अमानगंज** पुलिस थाना अमानगंज पहुंचकर फरियादिया शांति बाई पति श्यामलाल प्रजापति उम्र 50 साल निवासी वार्ड क्र. 10 बाजार मोहल्ला अमानगंज ने थाना उपस्थित होकर जुवानी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मेरा छोटा लड़का कैलाश कुमार उम्र 20 साल का टावर के सामने पुराने वाले घर में अपने दादा के साथ रहता था और वहीं रहकर पढ़ाई लिखाई करता था खाना-पीना खाने घर आता जाता रहता था दिनांक 05.10.2025 को छोटा लड़का कैलान जब रात करीब 10 बजे तक घर खाना खाने नहीं आया तो मेरे बड़ा लड़का कमलेश ने फोन लगाकर पूछा तो कैलाश ने बताया कि में मैं पन्ना आ गया हूं सुबह घर आ जाऊंगा, फिर इसके बाद दूसरे दिन लड़का कैलाश का फोन बंद आने लगा उसी दिन से लडका कैलाश की तालास कर रहे है लेकिन लडका कैलाश का कोई पता नहीं चल रहा है। फरियादिया की रिपोर्ट पर अमानगंज थाना पुलिस ने गुम इंसान कायम कर जांच में लिया गया।

### कृषि योजनाओं के लाभ के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**पन्ना।** शासन के नवीन दिशा निर्देशों के अनुसार कृषि विभाग में संचालित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए अब कृषकों को ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन करना अनिवार्य है। पोर्टल, मोबाइल एप अथवा किसान की सहमति से कॉमन सर्विस सेंटर पर भी योजनाओं के लाभ के लिए पंजीयन कराया जा सकेगा। किसानों को प्रथम आएं-प्रथम पाएं के आधार पर बीज और अन्य योजनाओं का लाभ मिलेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी संबंधित ब्लॉक के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अथवा अपने क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### आतिशबाजी विक्रय के लिए एसडीएम जारी करेंगे सशर्त अनुज्ञप्ति

**पन्ना।** जिला कलेक्टर द्वारा आगामी दीपावली पर्व पर अस्थाई आतिशबाजी विक्रय के लिए समस्त एसडीएम को अपने अनुविभाग अंतर्गत सशर्त ऑनलाइन अनुज्ञप्ति जारी करने के लिए अधिकृत किया गया है। आतिशबाजी को सुरक्षित एवं अज्वलनशील सामग्री से बने शेड में रखना होगा। अस्थाई दुकानें एक दूसरे से तीन मीटर की दूरी पर तथा किसी संरक्षित स्थलों से 50 मीटर की दूरी पर होना आवश्यक है। अस्थाई शेड एक दूसरे के आमने सामने नहीं होना चाहिए। किसी एक क्लस्टर में 50 से अधिक दुकानें लगाने की अनुमति नहीं होगी। शेड का झुकाव भी एक दूसरे के आमने सामने नहीं होगा। आतिशबाजी का किसी शेड के 50 मीटर के भीतर प्रदर्शन अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। साथ ही दीपावली के समय तीन मीटर के गैप में भी आतिशबाजी का भण्डारण असुरक्षित होने से नहीं किया जाएगा। निर्धारित शर्तों में दुकान का साइज बढ़ाने, बाजू की अन्य दुकानों में भण्डारण तथा मात्रा से अधिक स्टॉक पर प्रतिबंध की शर्त को भी शामिल किया गया है। दुकान के नक्शे सदैव उपलब्ध रखना जरूरी है। इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशानुसार पटाखों का विक्रय सुनिश्चित करना होगा। अस्थाई अनुज्ञप्ति प्राप्त दुकानों के अंदर आतिशबाजी को रखने के लिए लकड़ी के रैक व दुकानों के आगे कपड़ों के शामियानों और टेंट का उपयोग न कर टीन शेड का उपयोग अनिवार्य किया गया है। अनुज्ञप्ति के आधार पर दुकान में आतिशबाजी का वजन व मात्रा निर्धारित प्रारूप के अनुसार होना चाहिए। इस दौरान यह भी ध्यान रखा जाएगा कि सुरक्षा दूरी के अंदर एवं दुकानों के प्रकाश के लिए किसी प्रकार के तेल लैम्प, गैस लैम्प व खुली बिजली की बत्तियों का प्रयोग न हो। बिजली लाइन के उपयोग पर दीवार व छत पर इसे दृढ़ता से लगाना आवश्यक है। किसी प्रकार के तार लटके होने की स्थिति न बने। बत्तियों के लिए दीवार पर स्विच जरूरी है तथा एक पंक्ति की सभी दुकानों के लिए मास्टर स्विच लगाना अनिवार्य होगा।

## शरद पूर्णिमा की रात और अलौकिक रास के हुए दर्शन

# श्रद्धालु सुंदरसाथ के हृदय को प्रेम और भक्ति से भर दिया

पन्ना।

जैसे-जैसे रात बीती महामति श्री प्राणनाथ जी मंदिर में देश विदेश से आए हजारों की संख्या में श्रद्धालु सुंदरसाथ उसे क्षण की प्रतीक्षा करने लगे जब अखंड रास के रचयिता श्रीजी की सवारी बंगला जी दरबार साहब से रासमण्डल के लिये निकलेगी। जैसे ही वह पल आया पूरे मंदिर प्रांगण (ब्रह्म चबूतरा) का वातावरण अलौकिक हो गया उपस्थित श्रद्धालु सुंदरसाथ अपने प्रीतम की भक्ति में इस कदर मस्त हो गए की वह अपनी शुध बुद्ध भूल कर अपने पिया के रंग में रंगे हुए दिखे। जैसे ही श्री जी की सवारी रास मंडल में पहुंची तो पूरे प्रांगण में महिलाएं, पुरुष बच्चे, बुजुर्ग रासलीला में खो गए और चहू और टोलियां की टोलियां अपने प्रीतम को मनाने में और उनके साथ रास गरबा नृत्य मैं इस कदर डूबी रही की पूरी रात कैसे निकल गई यह किसी को पता ही नहीं चला।





### सोलह श्रंगार कर सखियां अपने प्रीतम को रिझाते दिखी

शरद पूर्णिमा की रात में सखियां अपने प्रीतम को रिझाने के लिए सोलह सिंगार कर मंदिर पहुंची और पूरी रात अपने पिया के साथ रास गरबा करके उन्हें रिझाने मैं लगी रही। ऐसा प्रतीत होता था कि स्वयं अखंड रास के रचयिता स्वयं आकर अपनी सखियों के साथ रास खेल रहे हो।

### पूरे दिन चलते रहे भजन गायन गरबा नृत्य के कार्यक्रम

पूरी रात अखंड रास चलने के बाद मंगलवार की सुबह से ही पूरे दिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन चला रहा। विद्वान विदुषी धर्मगुरु द्वारा उपस्थित श्रद्धालु सुंदर साथ को परमधाम के संबंध में और अखंड रास के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

# वास्तविका में ग्राम सभाओं के आयोजन कितनी पंचायतों में

### जब तक ग्राम सभाओं का ही फर्जीकरण होता रहेगा तो कैसे आम जनता को पंचायतों के विकास कार्यों पर होगा भरोसा



पन्ना।

जिले में पंचायतों की कार्यप्रणाली महज ठेकेदारी कार्य एजेन्सी के रूप में तय हो चुकी है। आम जनता व समाज कल्याण के कार्यों को भी निभाने का दायित्व पंचायतों को माना जाता है। वहीं जमीनी रूप से ग्राम स्तर से ही विकास की अवधारणा तय करने को लेकर पंचायतों को प्रभावषील बनाने के लिए ग्राम सभाओ के माध्यम से प्रस्ताव के अनुसार जहां कार्यों को स्वीकृति प्रदान करते हुए ग्राम के विकास को लेकर ग्राम पंचायतों को सषक्त बनाया गया। पर हालात वहीं ग्राम सभाओं को लेकर आज भी सबसे बड़ा सवाल है कि कितनी पंचायतों में वास्तविकता में ग्राम सभाओं का आयोजन हो पा रहा है जहां कार्य एजेन्सी के रूप में ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव तथा पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन कराने वाले नोडल अधिकारी की मिलीभगत के चलते कागजों में ग्राम सभाओं का सम्पन्न होना माना जा रहा है। जिसकी वजह से आज भी आम जनता को अपने अधिकारों या तो भान नहीं या फिर इन्हें जागरूक करने से बचा जा रहा है। तभी तो पंचायत स्तर पर भर्रेषाही निर्माण कार्यों में सतत चलती रहती है महज कार्य एजेन्सी के रूप में अधिकत्तर हालात पंचायतों के जिले में कायम है। कहने को तो आम जनता के विकास को लेकर पंचायतों को ही दायित्व दिये जाते है पर वास्तविकता में अगर पड़ताल की जाये तो कार्य एजेन्सी के रूप में सरपंच सचिव का जरूर विकास होता है। न की पंचायतों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों का वास्तविकता में कब ग्राम सभाओ का आयोजन कराया जायेगा यह तो जिम्मेदार ही जाने। या फिर भ्रष्टाचार या भर्रेषाही कायम रहने को लेकर सतत जिम्मेदार भी भागेदारी का निर्वाहन करते रहेगें।

# पन्ना नगर में जर्जर भवनों पर कब होगी कार्यवाही?

पन्ना।

नगर पालिका क्षेत्र पन्ना में कई जगहों पर जर्जर भवन होने पर कभी भी हो सकती है बड़ी घटना बड़ा बाजार, गांधी चैक जैसे जगहों परे बड़े-बडे मकान जर्जर हालत में देखे जा रहे है। बरसात के दिनों में जर्जर भवन ढहने से अधिकत्तर घटनाये घटित हो रही है लेकिन नगर पालिका की उदासीना के चलते जर्जर भवन पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा विगत मई माह में इस संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए थे। नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 309 एवं 310 तथा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 221 में जर्जर भवनों पर कार्रवाई करने का प्रविधान है। नगर में अधिकांष जर्जर भवन देखे जा रहे है लेकिन नगर पालिका पन्ना अभी तक इस आदेष का पालन नहीं किया जा रहा है। वहीं जो व्यक्ति जर्जर भवन खाली नहीं करता है तो भवन की बिजली-पानी की सप्लाई बंद करने का भी प्रावधान है। अब देखना होगा कि नगर पालिका इन जर्जर भवनों पर कब तक कार्यवाही की जायेगी।



# नहीं जागा नगर प्रशासन, धरती में कचरा नष्ट कर बना रहे बांझ

पवई।

पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान को गति देने के लिए नगरों और कस्बों में कई महत्वपूरक योजनाएं चल रही हैं, लेकिन पवई नगर की स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। नगर परिषद पवई द्वारा कचरे के निपटान के लिए अपनाया गया तरीका पर्यावरण के लिए घातक साबित हो सकता है। रीसाइक्लिंग की बजाय नगर परिषद कर्मी ट्रेंचिंग ग्राउंड में गड्ढे खोदकर कचरे को सीधे दफना रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंगलवार की रात के अँधेरे में नगर परिषद के कर्मियों ने गड्ढा खोदकर कचरे को नष्ट किया। यह लापरवाही लगातार तीसरे दिन की गई है। गड्ढे में दफनाया गया कचरा, विशेषकर प्लास्टिक और अन्य हानिकारक सामग्री, मिट्टी और भूजल को प्रदूषित कर सकता है। इस पूरे मामले में नगर परिषद की बड़ी लापरवाही यह भी है कि लाखों रुपये खर्च कर खरीदी गई कचरा रीसाइकिल मशीन ट्रेंचिंग ग्राउंड में धूल फांक रही है, और सालों बीत जाने के बाद भी वहां विद्युत कनेक्शन नहीं हो पाया है। नगर परिषद की यह चूक साफ दिखाती है कि मशीन होने के बावजूद उसे कार्यान्वित करने के लिए जरूरी मूलभूत सुविधाओं की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह कचरा दफनाना पर्यावरण और भूजल दोनों के लिए खतरा है। प्लास्टिक और जैविक कचरा मिट्टी में घुलकर जमीन की उर्वरता कम कर देते हैं और लंबे समय में जमीन खेती योग्य नहीं रहती। स्थानीय निवासी भी इस मामले को लेकर काफी चिंतित हैं। उनका कहना है कि नगर परिषद का यह तरीका न केवल नगर को गंदा और अस्वच्छ बना रहा है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी खतरा उत्पन्न कर रहा है। कई लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि कचरे के निपटान के लिए वैज्ञानिक और पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित उपाय अपनाए जाएं। नगर परिषद की इस कार्यप्रणाली पर सवाल उठते हैं। लोग आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं कि आखिर नगर प्रशासन इतनी बड़ी लापरवाही के बावजूद अब तक जागरूक क्यों नहीं हुआ। सवाल यह भी उठता है कि क्या कचरा दफनाने की यह प्रक्रिया नियमों के अनुसार की जा रही है या इसे जनता की अनदेखी में अंजाम दिया गया। स्थानीय लोग यह भी मांग कर रहे हैं कि नगर परिषद जल्द से जल्द कचरे के वैज्ञानिक निपटान के लिए ठोस कदम उठाए। वरना पवई नगर में प्रदूषण बढ़ने के साथ-साथ जमीन भी बाँझ होती जाएगी, जिससे कृषि और जीवन दोनों प्रभावित होंगे। अगर चाहो तो मैं इसे पत्रिका शैली में और भी बड़ा, सुर्खियों और स्थानीय लोगों की प्रतिकिया जोड़कर तैयार कर दूँ।



# नगर को साफ-स्वच्छ बनाये रखने के लिए समाजिक संस्था साहस के मार्गदर्शन में नपा में की कार्यप्रणाली में कितना बदलाव आया?

### आखिर अजयगढ़ बाईपास मार्ग में नगर की स्वच्छता का पैमाना स्वयं ही कचरे का ढेर सड़क पर बयां कर रहा वहीं असामयिक रूप से पशुओं की बीमारी को लेकर आमंत्रण दे रहा कचरा व कचरे में पन्नी



पन्ना।

नगर को साफ-स्वच्छ बनाये रखने को लेकर जहां जागरूकता के साथ-साथ आने वाले समय को लेकर ध्यान मे रखते हुए नगर में स्वच्छता के लिए हालात बदलाव को लेकर तय करने के लिए समाजिक संस्था साहस ने भारतीय स्टेट बैंक से वित्तीय सहायता प्राप्त करते हुए नगर में कार्य करने को लेकर नपा प्रशासन का सहयोग व दिषा देने के लिए जिस तरह से सपने दिखाये थे आज उन सपनों को लेकर किस हद तक हकीकत मानी जाये। या फिर यह सपना ही कायम रहेगा। क्योंकि नगर में हालात स्वच्छता को लेकर आये दिन कचरों के ढेर जगह-जगह तो स्वयं ही बयां करते है। इसके साथ-साथ सबसे बड़ा उदाहरण अजयगढ़ बाईपास मार्ग में जहां कचरे का ढेर नगर के हालात को लेकर स्वयं ही बयां कर रहा है। कैसे साफ-स्वच्छ नगर की परिकल्पना साकार मानी जायेगी। जब तक नगर में आम जनता में यह संदेष पूर्णरूपेण से नजर नहीं आयेगा कि नपा प्रषासन व समाजिक संस्था साहस जो नगर को साफ-स्वच्छ बनाये रखने के लिए कुछ समय तक सूखा कचरा-गीला कचरा अलग-अलग घरों से लिये जाने की बात बताई जा रही थी आज हालात यह है कि कई जगह कचरों के ढेर जो सड़कों से नहीं उठ रहे अब घरों की बात क्या करें। वहीं नगर में सबसे बडा उदाहरण अजयगढ़ बाईपास मार्ग में कचरे को लेकर जो चर्चा का विषय था वहीं नवागत कलेक्टर ने भी जहां नपा को निष्चित समय में कचरे के प्रबंधन को लेकर दिषा दी है अब देखना यह है कि वास्तविकता में क्या नवागत कलेक्टर के द्वारा जो निर्देष दिये गये उसका पालन समय-सीमा के साथ संभव होता है कि नहीं। वहीं समाजिक संस्था साहस जिसको नगर के साफ-स्वच्छ दिषा देने को लेकर जहां अच्छी खासी वित्तीय सहायता जो नगर को ध्यान में रखते हुए प्रदान की गई है उसको लेकर किस हद तक परिणाम बदलाव के माने जाये। क्या आम जनता में यह बदलाव स्वच्छता को लेकर कायम हो पाया या फिर नगर की दिषा स्वच्छता को लेकर किस हद तक सुधार को लेकर मानी जाये। यहां आज भी कहीं न कहीं सवालों के घेरे में कार्यप्रणाली नपा प्रषासन व समाजिक संस्था साहस की चर्चा में है। आखिरकार कैसे स्वच्छता की रैंकिंग पन्ना नपा में भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखकर सुधार की दिषा तय करेगी यह भी एक सवाल ही है।

# कलेक्टर के आदेश के बाद भी सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंश, प्रशासन की लापरवाही से बढ़ रहा हादसों का खतरा





पवई।

कलेक्टर द्वारा नगर परिषदों को स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद पवई नगर की सड़कों पर निराश्रित गोवंशों का जमावड़ा लगातार बना हुआ है। नगर के मुख्य मार्ग, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र और गलियों में दिनभर बड़ी संख्या में गोवंश खुलेआम विचरण करते देखे जा सकते हैं। यह स्थिति न केवल आमजन के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है बल्कि आए दिन सड़क हादसों का कारण भी बन रही है। नगर वासियों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा कुछ माह पूर्व इन गोवंशों को पकड़कर गौशाला भेजने की बात कही गई थी, परंतु यह केवल कागज़ों तक सीमित रह गया। धरातल पर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। शाम होते ही मुख्य मार्गों पर गोवंशों का जमघट लग जाता है, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो जाती है। वाहन चालक हर समय दुर्घटना के डर में सड़कों से गुजरते हैं। कई बार छोटे वाहन, खासकर बाइक सवार इन मवेशियों से टकराकर घायल हो चुके हैं। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि नगर परिषद की लापरवाही से नगर की सूरत बिगड़ती जा रही है। नगर के बस स्टैंड नगर परिषद के सामने, करही तिराहा, और विश्राम गृह के सामने, तहसील तिराहा जैसी व्यस्त सड़कों पर गोवंशों का जमावड़ा आम दृश्य बन गया है।

# समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए 10 अक्टूबर तक जारी रहेगी पंजीयन प्रक्रिया

### पन्ना जिले में अब तक हुए 22 हजार से अधिक पंजीयन

**पन्ना।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए अभी तक कुल 22 हजार 490 किसानों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है। पंजीयन 10 अक्टूबर तक होंगे। फसल पंजीयन के लिए जिले में तहसीलवार कुल 41 केन्द्र बनाए गए हैं। किसानों से आग्रह किया गया है कि फसल उपार्जन के लिए अनिवार्य रूप से समय पर पंजीयन करा लें, जिससे उपार्जन में कोई समस्या नहीं हो। किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर और एम.पी. किसान एप पर पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था है, जबकि एम.पी. ऑनलाइन एवं कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर प्रति पंजीयन के लिए अधिकतम 50 रूपए शुल्क देकर किसान पंजीयन कराया जा सकता है। भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा।

# दिवाली से पहले बिछ गई जुआ की फड, नौगांव एवं गुलगंज पुलिस ने पकड़े 20 जुआरी

### 31 हजार रूपए बरामद

**छतरपुर।** दीपावली के त्यौहार पर बुदेलखंड़ में जुआ खेलने की परम्परा है, इसलिए लोग अपनी किस्मत आजमाने के लिए जुआ के फडों पर दाव लगाते है। देखा जा रहा है कि अभी दीपावली का त्यौहार आने में एक पखवाड़े का समय है लेकिन इसके पहले ही जिले में जगह जगह पर जुआ की फड़े बिछ गई है। और बहां लम्बे दाव लगने लगे है। यहाँ तक कि बाहरी खिलाड़ी भी अब जुआ में दाव लगाने आ रहे है। नौगांव और गुलगंज पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर जुआ के फड पकड़कर 20 जुआरी गिरफ्तार किए और उनसे 31 हजार रूपए भी बरामद हुए नौगांव और गुलगंज थाना पुलिस की कार्यवाही से स्पष्ट हो चुका है कि जिले के विभिन्न थाना अंतर्गत जुआ के फड खुलेआम चल रहें है। भले ही थाना पुलिस का या तो पता नही है या फिर पुलिस का जुआ के फडों से कमीशन बंधा हुआ है। सरानी हार में कोतवाली पुलिस ने भी एक हफ्ता पहले जुआ का फड पकड़ा था और वहां भी एक दर्जन जुआरी पकड़े गए थे नौगांव पुलिस ने 24 घंटे के अंदर तीन जगह जुआ के फडों पर छापा मारा और 15 जुआरी गिरफ्तार कर 23 हजार 900 रूपए बरामद किए। वहीं दो सप्ताह में नौगांव पुलिस ने 13 जुआ के फडो पर 89 जुआरी पकड़े थे और उनसे 85 हजार से अधिक की राशि बरामद की है।

### गुलगंज पुलिस ने गढ़ा बजनऊ टौरिया के पास पकड़ा जुआ -

थाना गुलगंज पुलिस ने ग्राम गढ़ा बजनऊ टौरिया के पास जुआ के फड पर छापामार कार्यवाही करते हुए 5 जुआरी पकड़े और उनसे 7 हजार 900 रूपए बरामद किए जो जुआरी पकड़े गए उनमें भुवानीदीन अहिरवार गुलगंज, सीताराम रैकवार गुलगंज, गोबिंद अहिरवार गुंलगज, प्रभुदयाल प्रजापति झदबा, घन्सू कुशवाह निवासी कुर्रा शामिल है।

सूत्रों के अनुसार यह भी पता चला है कि जुआ के फड बमीठा, खजुराहो, राजनगर, अलीपुरा, हरपालपुर, और बाजना थाना अंतर्गत खुलेआम चल रहें है। बमीठा थाना अंतर्गत कई जगह खेतों पर जुआ के फड चल रहें है। पूर्व में यहां के टीआई को वेष बदलकर एम्बूलेस से जुआ का फड पकडने जाना पड़ा था। छतरपुर शहर इससे अछूता नही है। यहां बीआईपी बगलों में जुआ के फड चल रहें है, चाहें कोतवाली क्षेत्र हो या सिविल लाइन थाना या फिर ओरछा रोड़ सभी जगह जुआ के फड संचालित हो रहें है। इन थानों में कुछ पुलिसकर्मी बर्षो से जमे हुए है जिनकी मिलीभगत जुआरियों से है और इन्ही पुलिसकर्मियों के कारण उक्त तीनों थानों की पुलिस जुआ के फड पकडऩे में मात खा जाती है। क्योंकि बर्षो से जमे पुलिसकर्मी जुआ के फडों से खुलेआम बसूली करते है। और जैसे ही पुलिस पकडने की योजना बनाती है तो बहां तक गोपनीय तरीके से जानकारी भेज दी जाती है, जिससे जुआरी स्थान बदल लेते है और पुलिस को सफलता नही मिल पाती।

## खबर संक्षेप

### आरएसएस ने किया शस्त्र पूजन, मातृभूमि की रक्षा का लिया संकल्प



**छतरपुर।** ईशानगर में दशहरा पर्व पर आरएसएस ने श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में शस्त्र पूजन किया। खण्ड विस्तारक प्रवीण सोनी ने कहा कि मातृभूमि और सनातन धर्म की रक्षा करना संघ का उद्देश्य है। उन्होंने स्वयंसेवकों को सत्य धर्म और मातृभूमि की रक्षा के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। आरएसएस समाज में भेदभाव मिटाने का कार्य कर रहा है। दशहरा पर्व के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला संचालक सर शंकरलाल अहिरवार ने स्वयंसेवकों को संदेश देते हुए कहा कि मातृभूमि और सनातन धर्म की रक्षा करना ही संघ का सर्वोच्च उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्र सुरक्षित रहेगा तभी समाज और व्यक्ति सुरक्षित रह सकते हैं। श्रीराम ने धर्म की रक्षा के लिए रावण का वध कर उदाहरण प्रस्तुत किया, उसी प्रकार हर स्वयंसेवक का कर्तव्य है कि वह सत्य, धर्म और मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहे। खण्ड विस्तारक प्रवीण सोनी ने बताया कि संघ के स्वयंसेवक समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को जोडने और ऊंच-नीच, भेदभाव तथा छुआछूत को मिटाने का कार्य निरंतर कर रहे हैं। आरएसएस की स्थापना पर स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा, अनुशासन और समर्पण का भाव जागृत करना होगा।

# परिवार सहित पीड़िता ने एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय के लिये गुहार लगाई



**छतरपुर।** मंगलवार को एक युवती ने अपने परिवार के साथ जिला मुख्यालय पर एसपी ऑफिस पहुंचकर आवेदन देते हुए अपने साथ हुए गलत कार्य की शिकायत एसपी से की है। नौगांव थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने आवेदन देकर बताया कि तीन आरोपियों पर गलत कार्य करने का गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने बताया कि घटना 1 अक्टूबर की है, जब वह अपने घर से बैंक जाने के लिए निकली थी। इस दौरान आरोपी नरेश, चन्द्र और मनोज ने उसका पीछा किया। युवती के अनुसार आरोपियों ने कट्टा दिखाकर उसे जबरन गाड़ी पर बैठाया और दौरिया के पास स्थित एक सुनसान इलाके में ले जाकर उसके साथ गलत कार्य किया। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद आरोपी उसे वापस घर के पास कॉलेज के समीप छोड़कर फरार हो गए। इस दौरान उसके भाईयों ने युवती को देखा और आरोपियों से विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद गांव के सरपंच राकेश अहिरवार उसके घर आए और धमकी दी कि अगर इस घटना की शिकायत किसी से की या पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई, तो पूरे परिवार को जान से खत्म कर देंगे। बताया जा रहा है कि आरोपी सरपंच के भतीजे हैं। मामले को लेकर पीड़िता अपने परिवार सहित मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। वहीं पुलिस ने इस मामले में विगत 1 अक्टूबर 2025 को युवती के साथ हुई छेड़छाड़ का मुकदमा पहले ही दर्ज कर लिया था। अब पीड़िता द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों की जांच की जा रही है।

# पति-पत्नी पर रिश्तेदारों ने किया हमला, दोनों घायल

### पुलिस ने पांच आरोपियों पर किया मामला दर्ज



**छतरपुर।** थाना बमीठा क्षेत्र के ग्राम पथरगुआं में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे आपसी पारिवारिक रंजिश के चलते एक दंपत्ति पर उनके ही रिश्तेदारों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से बेरहमी से हमला कर दिया। घटना में पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार, रामनरेश पिता अयोध्या प्रसाद अवस्थी (27 वर्ष) एवं उसकी पत्नी रेनू उर्फ गुडिय़ा शुक्ला (24 वर्ष) निवासी पथरगुआं पर रेनू के नाना हनुमत प्रसाद तिवारी, शीतल प्रसाद तिवारी, संदीप अवस्थी, नीशू मिश्रा और आनंद तिवारी ने अचानक घर में घुसकर दरवाजे बंद कर दोनों की जमकर पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि जब रामनरेश भागकर घर के पीछे खेत की ओर निकला तो हमलावरों ने उसे वहीं पकड़ लिया और लाठी-डंडों से फिर से हमला किया। पत्नी रेनू जब बचाने पहुंची तो उस पर भी हमला कर दिया गया। घायल रेनू किसी तरह थाने पहुंची और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल रामनरेश को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। दोनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायल रामनरेश ने बताया कि चार माह पहले उसने रेनू से प्रेम विवाह किया था, जिसमें रेनू के माता-पिता राजी थे, लेकिन नाना और परिवार के कुछ अन्य सदस्य इस विवाह से नाराज़ थे। इसी रंजिश के चलते हमला किया गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने रामनरेश के साथ अभद्रता की और उसका 25 हजार रुपए का मोबाइल फोन व करीब 2700 रुपए से भरा पर्स भी छीन लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 333, 115(2), 351(3) और 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कायस्थ समाज के दशहरा मिलन में हुई कवि गोष्ठी



**छतरपुर।** चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज द्वारा दशहरा मिलन कार्यक्रम मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया जिसे समस्त कायस्थ समाज द्वारा हर्ष उल्लास से मनाया गया । ट्रस्ट की सदस्य डॉक्टर स्मिता खरे ने बताया की एक कवि गोष्ठी का आयोजन भी किया गया जिसमें शहर के सभी प्रतिष्ठित कवि शामिल हुए। दशहरा मिलन कार्यक्रम में मुख्य रूप से ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ राजेश खरे, सुरेश बाबू खरे, राकेश खरे, वीरेंद्र श्रीवास्तव, अरविंद खरे ,अनुपम निगम, नितिन खरे,आशीष खरे, अवनेंद्र खरे व सैकड़ो की संख्या में कायस्थ समाज के महिला व पुरुष शामिल हुए।

# रेलवे स्टेशन पर महिला ने बेटे को दिया जन्म



### ट्रेन का इंतजार करते वक्त हुआ प्रसव

**हरपालपुर।** रेलवे स्टेशन पर यूपी संपर्क क्रांति ट्रेन के इंतजार में एक महिला यात्री को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्टेशन प्रबंधक को सूचना मिलते ही 112 एम्बुलेंस और स्थानीय अस्पताल को अलर्ट किया गया। प्लेटफॉर्म पर ही महिला ने स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। जच्चा-बच्चा सुरक्षित हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन नंबर 12447 यूपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का इंतजार कर रही महिला पूजा (29 वर्ष) को प्रसव पीड़ा हुई। उनके पति जुगल किशोर (निवासी अतर्रा, जिला बांदा, उत्तर प्रदेश) के साथ यात्रा कर रही थीं। यात्री ने स्टेशन प्रबंधक को सूचना दी। नागरिक अस्पताल हरपालपुर को पहले ही अलर्ट किया गया था। स्टाफ पहुंचा, लेकिन कोच से उतारते ही प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर डिलीवरी हो गई। 108 एम्बुलेंस से जच्चा-बच्चा को अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को स्वस्थ घोषित किया। स्टेशन प्रबंधक ने त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

## अवैध गांजा सहित दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**छतरपुर।** थाना अलीपुरा पुलिस को विगत रात्रि भ्रमण के दौरान कस्बा में अवैध मादक पदार्थ गांजा विक्रय संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संदेही की दुकान के पास पहुंची। दुकान के बाहर संदेही थैला में लिए खड़े थे। विधिवत तलाशी लेने पर थैले में अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। अवैध मादक पदार्थ 1 किलो 731 ग्राम गांजा, कीमत करीब 35000 बरामद की। दुकान के बाहर अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित खड़े 2 आरोपी गांजा सप्लायर सोनू राय पिता विनोद राय निवासी अलीपुरा एवं दुकान संचालक घनश्याम दास सोनी पिता भगवती प्रसाद सोनी निवासी अलीपुरा को अभिरक्षा में लेकर थाना अलीपुरा में एनडीपीएस अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी सोनू राय एनडीपीएस, आबकारी, एससी एसटी, सड़क दुर्घटना, मारपीट जैसे 5 अपराध में लिप्त है। अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अलीपुरा उप निरीक्षक शैलेंद्र सक्सेना, प्रधान आरक्षक जगवेंद्र सिंह, आरक्षक आबिद खान, बृजपाल सिंह, रामदास एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

# शराब, अतिक्रमण व मांस विक्रय पर रोक की मांग को लेकर बजरंग दल की हड़ताल

### प्रशासन से मिले आश्वासन के बाद टूटी हड़ताल



**घुवारा। घुवारा तहसील क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण एवं सार्वजनिक मार्गों पर मांस व अंडे की दुकानों के संचालन को लेकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने सोमवार को तहसील परिसर में हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन किया।**

जानकारी के अनुसार, बजरंग दल कार्यकर्ता लंबे समय से इस संबंध में प्रशासन को ज्ञापन दे रहे थे, किंतु कार्रवाई नहीं होने से नाराज कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय के सामने धरना-हड़ताल शुरू कर दी। प्रदर्शन करीब दो घंटे तक चला, जिसके बाद तहसीलदार ने प्रदर्शनकारियों को अतिक्रमण जांच टीम गठित करने का आश्वासन दिया। वहीं, अवैध शराब बिक्री की शिकायत पर एसडीओपी रोहित अलावा एवं बड़ामलहरा प्रशासन को अवगत कराते हुए शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया। आश्वासन मिलने के बाद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हड़ताल समाप्त की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। शासकीय जमीन पर खुलेआम अतिक्रमण कर कब्जे किए जा रहे हैं, वहीं अवैध शराब की बिक्री और मांस विक्रय के जरिए कुछ लोग आर्थिक लाभ उठा रहे हैं। प्रशासन यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं करता, तो आंदोलन को पुनः तेज किया जाएगा।

# कैंसर मुक्त भारत के लिए बनाए गए ऐप को उप मुख्यमंत्री ने सराहा, डॉ. श्वेता गर्ग की हुई तारीफ



**छतरपुर।** प्रतिभाएं किसी परिचय की मोहताज नहीं होती बल्कि वह अपने कार्यों से अपनी पहचान बना लेती हैं जिसका ज्वलंत प्रमाण जिला चिकित्सालय छतरपुर की वरिष्ठ पैथालॉजिस्ट डॉ. श्वेता गर्ग हैं।

डॉ. गर्ग जब ब्लड बैंक की प्रभारी थी तब उन्होंने गांव-गांव में शिविर लगाकर जहां लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया वहीं बागेश्वर धाम में शिविर लगाकर एक ही दिन में सर्वाधिक ब्लड गुरप परीक्षण करने का वल्ड रिकार्ड बनाया अब वे प्रधानमंत्री मोदी के कैंसर मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए काम कर रही हैं उन्होंने कैंसर के प्रति लोगों खासतौर पर महिलाओं को जागरूक करने के लिए एक ऐप तैयार किया है जिसकी प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सराहना करते हुए डॉ. श्वेता गर्ग को बधाई दी है।

### इरादे मजबूत हो तो कदम चूमती है सफलता

छतरपुर की बेटी डॉ. श्वेता गर्ग की जितनी तारीफ की जाए वह कम है। उन्होंने अपने जज्बे एवं दृढ़ इच्छाशक्ति से यह साबित कर दिखाया है कि अगर नियत अच्छी हो तथा इरादे मजबूत हों तो छोटे शहरों से भी बड़ी सोच जन्म लेती है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए उन्होंने जो ऐप तैयार किया है वह सिर्फ एक तकनीकी प्रयास ही नहीं बल्कि मानवीय सेवा की अनुकरणीय मिशाल है। वे गांव-गांव में शिविर लगाकर लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करने का जो काम कर रही हैं उसकी मिशाल बहुत कम ही देखने को मिलती है। चाहे सर्दी हो या गर्मी या फिर बरसात, मौसम चाहे जो हो डॉ. श्वेता गर्ग इसकी परवाह नहीं करतीं। उनकी हमेशा यह कोशिश रहती है कि उनके अनुभवों एवं योग्यता का लाभ लोगों को मिलना चाहिए।

### उपमुख्यमंत्री ने ऐप को सराहा

प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जब डॉ. श्वेता गर्ग के इस ऐप को देखा तो वे बेहद खुश हुए एवं उन्होंने डॉ. श्वेता गर्ग के इस प्रयास की खूब सराहना की। उपमुख्यमंत्री द्वारा डॉ. श्वेता गर्ग की सराहना करने पर लोगों का कहना है कि प्रतिभाएं किसी से छिपती नहीं है बल्कि वह अपनी पहचान खुद बखुद बना लेती हैं। डॉ. श्वेता गर्ग ने यह साबित कर दिया है बेटियां किसी से कम नहीं है वह अपने कार्यों से परिवार एवं समाज दोनों की शान बन जाती हैं।

### ब्लड बैंक का यादगार रहा कार्यकाल

जिला चिकित्सालय छतरपुर की वरिष्ठ पैथालॉजिस्ट डॉ. श्वेता गर्ग करीब एक वर्ष पहले तक ब्लड बैंक की प्रभारी रही हैं उनके इस कार्यकाल को आज भी लोग याद करते हैं हालांकि ब्लड बैंक में व्याप्त अव्यवस्थाओं एवं खून में दलाली प्रथा को बंद कराने की जो मुहिम इन्होंने शुरू की थी उस मुहिम को पूरा करने के पहले ही इन्होंने स्वयं को उक्त प्रभार से मुक्त करा लिया। इस समय ब्लड बैंक की क्या स्थिति है इसका आंकलन आम लोगों से ही पता लगाया जा सकता है। डॉ. श्वेता गर्ग ब्लड बैंक को जिन हालातों में छोड़कर आयी थीं आज उससे भी बदतर स्थिति हो गई है। डॉ. श्वेता गर्ग ऐसी चिकित्सक हैं जिन्हें कोई काम करने से नहीं रोक सकता। ब्लड बैंक के प्रभार से मुक्त होने के बाद उन्होंने कैंसर मुक्त भारत के मिशन पर अपना काम शुरू कर दिया और आज भी वे पूरी कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से कैंसर जागरूकता की मुहिम को सफलता के मुकाम तक पहुंचाने हेतु प्रयासरत हैं।

### शहर की यह है विडम्बना

छतरपुर शहर का हमेशा से ही यह दुर्भाग्य रहा है कि यहां जो भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है उसे कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है वहीं जो भ्रष्ट बेईमान होते हैं वह अपना उल्लू सिद्ध करने में सफल होते हैं लेकिन डॉ. श्वेता गर्ग छतरपुर नगर की ऐसी बेटी हैं जो चुनौतियों की कभी परवाह नहीं करती बल्कि वे अपने लक्ष्य को लेकर काम करती है और उसमें उन्हें सफलता भी मिलती है। कैंसर जैसी घातक एवं जानलेवा बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने की उन्होंने जो मुहिम शुरू की है उसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। कई मरीजों को इस मुहिम का लाभ मिल चुका है। जिले की जनता छतरपुर की इस बेटी के जज्बे को न केवल सलाम करती है। अपितु यह अपेक्षा करती है कि वे इसी तरह अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए परिवार एवं समाज का नाम रोशन करती रहेंगी।

# जादू-टोना के शक में वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या

**बमीठा थाना क्षेत्र के झमटुली गांव की घटना, पुलिस जांच में जुटी**



**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र के झमटुली गांव में अंधविश्वास के चलते एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने जादू-टोना के शक में एक वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान कामता आदिवासी के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार मृतक कामता आदिवासी आदिवासी मोहल्ले में ही रहता था। मोहल्ले के कुछ लोगों को शक था कि वह उन पर जादू-टोना करता है। इसी शक के चलते मोहल्ले के कई लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बमीठा थाना पुलिस और एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। एसडीओपी बघेल ने बताया कि झमटुली क्षेत्र में हत्या का मामला सामने आया है, जिसमें पुरानी बुराई को लेकर दो परिवारों के बीच विवाद हुआ था। इस विवाद के चलते कामता आदिवासी की मौत हो गई है। पुलिस ने कुछ संदेहियों को राउंडअप कर पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# शराब पी या बेची तो पंचायत लगाएगी जुर्माना और होगा सामाजिक बहिष्कार



**घुवारा। भगवां थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत झिंगरी के ग्रामवासियों ने मिलकर एक सख्त निर्णय लिया है। जिसमें पंचायत क्षेत्रांतर्गत शराब की बिक्री पूरी तरह से बंद रहेगी। शराब बेचने पर विक्रेता को 11 हजार का अर्थदंड और एक वर्ष के लिए समाज से अलग रखा जाएगा। वहीं शराब पीकर गाली गलौज करने पर दोषी व्यक्ति को 5,100 रुपए का अर्थदंड और छह महीने के लिए समाज से बाहर किया जाएगा। यह निर्णय ग्राम पंचायत झिंगरी के पंचों की उपस्थिति में पारित किया गया है।**

गौरतलब है कि ग्रामीणों द्वारा शराबबंदी का निर्णय लेने के बाद देखादेखी में कई ग्राम पंचायतें निर्णय तो ले रही हैं, लेकिन इस पर कितना अमल हो रहा है, जो समय बताएगा। ग्रामीणों ने बताया कि सबसे पहले शराबबंदी तथा बेचने और पीने वालों पर जुर्माना लगाने का प्रावधान सुनिश्चित किया। यही हाल कई अन्य ग्राम पंचायतों में भी देखने को मिला। जहां शराबबंदी का निर्णय लेने के साथ-साथ भगवां थाना प्रभारी कृपाल मार्को को भी ग्रामीणों ने एक लिखित ज्ञापन सौंपा है और शराब पीने व बेचने वाले पर कार्रवाई की मांग की है। भगवां थाना प्रभारी कृपाल मार्को ने बताया कि शराब की बिक्री पर पाबंदी लगाने का ज्ञापन ग्रामीण वासियों के द्वारा सौंपा गया है। किसी भी सूरत में शराब पीने व बेचने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### ऊर्जा मंत्री आज आयेंगे रीवा

रीवा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर 8 अक्टूबर को अल्प प्रवास पर रीवा आयेंगे। ऊर्जा मंत्री 8 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे जबलपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 6.30 बजे रीवा पहुंचेगे। ऊर्जा मंत्री गोड़हर में अमृत सिंह के निवास पहुंचकर उनके माता जी के निधन पर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देंगे तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। ऊर्जा मंत्री शाम 7 बजे रीवा से कार द्वारा सतना प्रस्थान करेंगे। ऊर्जा मंत्री सतना रेलवे स्टेशन से रात 8.50 बजे महाकौशल ट्रेन से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### पुलिस ने चोरी के आरोपियों को जेल भेजा

रीवा। पुलिस अधीक्षक रीवा शैलेंद्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक डा. रितु उपाध्याय के निर्देशन में थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल ने थाना स्टाफ के साथ मिलकर चोरी करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया। दिनांक 06.10.25 को सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट की गई कि उनके अटल पार्क के पास क स्थित आवास के दरवाजे को खोलकर आवास के अंदर रखी इनवर्टर की बैट्री को अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर थाना अमहिया रीवा में अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना क्रम में दिनांक 06.10.25 को मुखबिर सूचना पर आरोपीगण गौरव सिंह पटेल उर्फ प्रिंस पिता नागेंद्र सिंह पटेल उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बेला पोस्ट छिबौरा थाना रामपुर बघेलान जिला सतना हाल ढेकहा संजू पार्षद के घर के बगल में कन्हैया लाल एवं विजय सेन उर्फ बिज्जू पिता स्व. पुरुषोत्तमदास सेन उम्र 22 वर्ष निवासी ढेकहा विद्या मंदिर स्कूल के पीछे रीवा थाना सिविल लाईन जिला रीवा को प्रकरण मे चोरी गई बैट्री सहित अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसके द्वारा सिविल लाईन कालोनी स्थित एक कमरे के अंदर घुस कर इनवर्टर की बैट्री चोरी करना बताए जाने पर दोनो आरोपियों के संयुक्त कब्जे से प्रकरण मे चोरी गई बैट्री को जप्त कर दोनों आरोपियों को प्रकरण में गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहाँ से आरोपियों को केंद्रीय जेल रीवा में निरुद्ध किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे उनि शिवा अग्रवाल, प्र आर रामसखा वर्मा, आर. दिवाकर तिवारी, आर. विकाश तिवारी, आर. शिवाकांत शर्मा, आर. विवेक सिंह, आर. अनुज सिंह, कौशलेंद्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही

### नशामुक्त भारत अभियान अब नवम्बर माह तक रहेगा जारी

रीवा। आमजनता को नशे की बुराइयों के प्रति जागरूक करने तथा नशे के शिकार व्यक्तियों पुनर्वास के लिए नशामुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। शासन द्वारा नशामुक्त भारत अभियान को नवम्बर माह तक जारी रखने के निर्देश दिये गये हैं। अभियान के तहत सभी शिक्षण संस्थान तथा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर नशे के प्रति जागरूकता अभियान से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके तहत रैली भाषण प्रतियोगित, संगोष्ठी, पोस्टर प्रतियोगिता तथा निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताएं शिक्षण संस्थान में आयोजित की जायेगी। सभी प्रमुख कार्यक्रम तथा समारोह में भाग लेने वाले व्यक्तियों को नशे के विरूद्ध ऑनलाइन शपथ दिलाई जायेगी। नशामुक्त अभियान के तहत जिले भर में आयोजित जागरूकता गतिविधियों की जानकारी नशामुक्त भारत अभियान पोर्टल एनएमबीए डॉट डीओएसजेई डाट जीओव्ही डाट इन पर अपलोड की जायेगी। सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में भी नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता अभियान आयोजित किये जायेंगे।

### अतिथि शिक्षक की नियुक्ति में अनियमितता का आरोप लगाया

रीवा। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सितालहा में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। आरोप है कि एलॉटमेंट मिलने के बावजूद एक योग्य अभ्यर्थी की नियुक्ति सिर्फ इसलिए नहीं की गई क्योंकि उसका विद्यालय से कोई पारिवारिक संबंध नहीं था। वहीं, विद्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी और प्राचार्य के रिश्तेदारों को प्राथमिकता देते हुए नियमों को ताक पर रखकर नियुक्ति की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खाझा (तहसील जवा) निवासी दीपक पाण्डेय पिता लालता प्रसाद पाण्डेय का अतिथि शिक्षक वर्ग-2 (हिंदी विषय) में चयन 23 जुलाई 2025 को हुआ था। च्वाइस फिलिंग के माध्यम से उन्हें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, सितालहा में एलॉट किया गया था। निर्धारित प्रक्रिया के तहत जब वह नियुक्ति हेतु विद्यालय पहुंचे, तो उन्हें टालमटोल और अपमानजनक व्यवहार का सामना करना पड़ा। दीपक पाण्डेय का आरोप है कि विद्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 प्रदीप सिंह ने उन्हें डांटकर भगा दिया।

# भू-माफिया तालाब की जमीन बेचने की तैयारी में, एग्रीमेंट निरस्त करने की मांग

**सरपंच सहित ग्रामीणों ने संभागायुक्त और कलेक्टर से की शिकायत**

**भूमाफियाओं के नाम से मशहूर विंड ग्रुप के अशोक सिंह परिहार, संतोष शुक्ला, अशोक मौर्य, आशीष सिंह समेत कई अन्य पर आरोप**



जिले की रायपुर कर्चुलियान तहसील के ग्राम पहड़िया में स्थित ऐतिहासिक रानी सागर तालाब की जमीन को कथित तौर पर चोरी-छिपे निजी कंपनी को बेचने का मामला सामने आया है। पूरे मामले को लेकर ग्राम पंचायत पहड़िया के सैकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की।

रीवा।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि यह तालाब करीब 32 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है और यह जमीन राजस्व रिकॉर्ड में तालाब, आम निस्तार, श्मशान घाट और हरदौल बाबा मंदिर के रूप में दर्ज है। वर्षों से यह स्थान आदिवासी समुदाय, किसानों और ग्रामीणों के धार्मिक-सामाजिक आयोजनों का केंद्र रहा है। इसके बावजूद, 18 सितंबर 2025 को संपदा 2 पोर्टल के माध्यम से चोरी-छिपे एक एग्रीमेंट तैयार कराया गया, जिसमें खसरे की कॉपी न लगाकर सिर्फ नक्शा संलग्न किया गया, ताकि तालाब की असली स्थिति छुपाई जा सके। ग्रामीणों के अनुसार, यह एग्रीमेंट पूरी तरह फर्जी और नियमविरुद्ध है, जिसमें विंड ग्रुप नाम की निजी कंपनी, उसके मालिक अशोक सिंह परिहार, पूर्व सरपंच संतोष शुक्ला, अशोक मौर्य, आशीष सिंह समेत कई अन्य नामजद लोग शामिल हैं। इन सभी पर भूमाफिया होने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में शासन-प्रशासन से मांग की हैं कि फर्जी एग्रीमेंट को तत्काल निरस्त किया जाए, हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना करने वालों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। उप-पंजीयक (रजिस्टार) की भूमिका की जांच कर उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। तालाब की सार्वजनिक स्थिति को बहाल रखते हुए उसका निजीकरण रोका जाए।बाक्स हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद एग्रीमेंट रजिस्टर्डसबसे गंभीर बात यह है कि जिस जमीन पर यह एग्रीमेंट किया गया, वह पहले से ही कानूनी विवाद में है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर ने मामले SA No. 2385/2022 में दिनांक 15 मार्च 2024 को स्पष्ट आदेश दिया था कि यथास्थिति बनाए रखी जाए यानी किसी भी प्रकार का सौदा, निर्माण या परिवर्तन नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद, 22 सितंबर 2025 को इस जमीन पर अनुबंध कर लिया गया, जिसे ग्रामीणों ने सीधा कोर्ट की अवमानना बताया है।बॉक्स सार्वजनिक जमीन पर निजी कब्जे की कोशिशग्राम सरपंच मनीषा तिवारी और ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में बताया कि इस जमीन को लेकर कंधेवालाल सिंगरहा और उसके परिवार द्वारा 3.30 एकड़ और 22.29 एकड़ की दो जमीनों पर अनुबंध किया गया है। यह अनुबंध अशोक सिंह, शिवाशरण केक्ट, अशोक मौर्य, संतोष शुक्ला, आशीष सिंह के नाम पर दर्ज किया गया है। सरपंच ने कहा कि गांव में अंतिम संस्कार, सिंघाड़ा की खेती, धार्मिक आयोजन, पानी की आपूर्ति और अन्य सामुदायिक कार्य इसी तालाब से जुड़े हैं, और अगर यह जमीन निजी हाथों में चली गई, तो लगभग 400 ग्रामीणों का जीवन संकट में पड़ जाएगा।बॉक्स मेड़ पर श्मशान एवं आम लोगों का है निस्तारपहड़िया तालाब से जहां कुछ आम लोगों का निस्तार चल रहा है, वहीं तालाब की मेड़ पर श्मशान भी हैं। ऐसे लोग जिनके पास शव जलाने के लिए जमीन नहीं है वह तालाब की मेड़ पर ही अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करते हैं। बताया गया है कि पहड़िया तालाब में हर समय पानी उपलब्ध रहता है, जहां मूक मवेशी से लेकर परिंदे एवं आम लोग भी उस पानी का उपयोग करते हैं। अगर तालाब की बिक्री हो गई तो वहां जलस्रोत के स्थान पर बड़ी-बड़ी इमारतें देखने को मिलेंगी।बॉक्स सुप्रीम कोर्ट का आदेश, तालाबों का संरक्षण अनिवार्यग्रामीणों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले हिंचलाल तिवारी बनाम कमला देवी मामले अदालत ने कहा था कि तालाबों को भरना या समतल करना गैरकानूनी है। ये समाज की सांस्कृतिक और पारिस्थितिकी सुरक्षा के लिए जरूरी हैं। यदि किसी तालाब को निजी उपयोग के लिए आवंटित किया गया है तो वह अवैध घोषित होगा और तत्काल निरस्त किया जाएगा।

**आरोपी फरार गढ़ थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की तलाश**

# स्कूल जा रही छात्रा से दुष्कर्म

रीवा।



जिले के गढ़ थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे स्कूल जा रही एक नाबालिग छात्रा के साथ सूनसान बगीचे में दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। मिली जानकारी अनुसार 12वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्रा रोज की तरह साइकिल से स्कूल जा रही थी, लेकिन रास्ते में एक युवक ने उसे जबरन रोककर वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद से आरोपी फरार है, जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, नाबालिग छात्रा रोजाना की तरह अपने घर से साइकिल से स्कूल के लिए निकली थी। जब वह घर से लगभग दो किलोमीटर दूर बगीचे के पास पहुंची, तभी आरोपी मोहम्मद इरफान वहां पहुंचा और उसकी साइकिल में ताला लगाकर चाबी अपने पास रख ली। इसके बाद छात्रा को जबरन पास की झाड़ियों के पीछे सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।छात्रा के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। पीड़िता किसी तरह अपने परिजनों तक पहुंची और पूरी आपबीती सुनाई, जिसके बाद परिजन उसे लेकर गढ़ थाने पहुंचे। पुलिस ने तत्काल मामले की गंभीरता को देखते हुए रीवा से महिला पुलिस अधिकारी को बुलाया, जिन्होंने पीड़िता के बयान दर्ज किए। इसके बाद छात्रा का मेडिकल परीक्षण भी रीवा में कराया गया है। पुलिस ने आरोपी मोहम्मद इरफान के खिलाफ दुष्कर्म सहित भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।बॉक्स पहले से कर रहा था पीछाबता दे आरोपी युवक नाबालिग छात्रा को पहले से जानता था और लंबे समय से उसका पीछा कर रहा था। सोमवार को उसने सुनसान मौके का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया।

# राजस्व अधिकारियों ने दवा दुकानों में की कफ सिरप की जांच पड़ताल

रीवा।



कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार जिले भर में राजस्व अधिकारियों ने दवा दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण करेक कफ सिरप की जांच पड़ताल की। दवा दुकानों पर अनियमिता पाये जाने पर कार्यवाही भी की गयी। एसडीएम त्योंथर प्रभाशंकर त्रिपाठी ने शिव मेडिकल स्टोर त्योंथर तथा प्रयाग मेडिकल स्टोर एवं शंकर मेडिकल स्टोर चिल्ला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोई भी दवा अमानक नहीं पायी गयी। एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल ने अन्य अधिकारियों के साथ शुक्ला मेडिकल स्टोर, धनवंतरि मेडिकल स्टोर, रमेश मेडिकल स्टोर तथा गौतम मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इन दुकानों में शासन द्वारा प्रतिबंधित खांसी की दवा नहीं पायी गयी। रीवा में नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला, पुलिस अधिकारियों तथा ड्रग स्पेक्टर के साथ दो मेडिकल स्टोर एवं दो निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा है कि मेडिकल स्टोर का लगातार निरीक्षण किया जायेगा। मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित दवायें, अमानक दवायें और एक्सपयरी डेट की दवायें मिलने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# पिकअप की टक्कर से मासूम की मौत

**ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, एनएच-30 पर घंटों जाम स्कूल से लौटते वक्त सड़क पार कर रहा था 5 वर्षीय बालक**

रीवा।



जिले के एनएच-30 हाईवे पर सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 5 वर्षीय मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। यह हृदयविदारक घटना रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरखिनी गांव के पास हुई, जहां स्कूल से लौट रहा बच्चा सड़क पार करते समय पिकअप वाहन की चपेट में आ गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर चक्का जाम कर दिया, जिससे लगभग एक घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। हादसा दोपहर करीब 2 बजे हुआ। मृतक की पहचान रेहान पटेल, पिता राकेश पटेल, उम्र 5 वर्ष, निवासी ग्राम चोरगड़ी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मासूम रोज की तरह स्कूल से लौटते समय सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बच्चे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।परिजन और ग्रामीण उसे तत्काल संजय गांधी अस्पताल, रीवा लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गांव में मातम पसर गया और गुस्साए ग्रामीणों ने हाईवे पर चक्का जाम कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही रायपुर कर्चुलियान थाना प्रभारी अतुल त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही तहसीलदार सहित प्रशासनिक अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने की कोशिश की। काफी मशक्कत और समझाइश के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया और आवागमन बहाल हो सका। पुलिस ने अज्ञात पिकअप वाहन और उसके चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मर्ग कायम कर लिया है। वाहन और चालक की तलाश की जा रही है। नाराज ग्रामीणों ने बताया कि नौढिया मोड़ पर डायवर्जन कट की मांग वे बीते कई वर्षों से करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। यह क्षेत्र स्कूल, गांव और बाजार को जोड़ता है, जिससे यहां भारी आवाजाही रहती है। इसके बावजूद न तो स्पीड ब्रेकर हैं, न ज़ेब्रा क्रॉसिंग, न ही कोई यातायात संकेतक। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते डायवर्जन कट बना दिया गया होता या ट्रैफिक कंट्रोल के उपाय किए गए होते, तो मासूम की जान बच सकती थी।

# कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के साथ कमियों को दूर करने का करें प्रयास

**मुख्यमंत्री स्वास्थ्य एवं पोषण पर कलेक्टर्स के साथ हुआ व्यापक संवाद**

रीवा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में अनेक नई सुविधाए प्रारंभ की गई हैं। कमियों को दूर करने का पूरा प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला कलेक्टर्स से आयुष्मान कार्ड धारकों को पूरा लाभ दिलाने और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं पहुंच को आसान बनाने की बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न जिलों में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किये जा रहे हैं। पीपीपी मॉडल पर भी अनेक कॉलेज प्रारंभ हुए हैं। वर्तमान में तीस से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं। शीघ्र इनकी संख्या 50 हो जाएगी। प्रदेश के लगभग प्रत्येक जिले के नागरिकों को मेडिकल कॉलेज की सुविधाओं का प्राप्त लाभ प्राप्त हो रहा है। जिन जिलों में मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही प्रचलन में है, उसे अंतिम रूप देकर भूमि आवंटन का कार्य पूर्ण किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में नागरिकों के हित में सर्वाधिक अनुकूल वातावरण निर्माण का प्रयास है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के प्रथम दिन द्वितीय सत्र 'स्वास्थ्य एवं पोषण' को संबोधित कर रहे थे। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य संदीप यादव ने राज्य में स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति को सुदृढ़ करने कलेक्टर्स के साथ विस्तृत चर्चा की। सत्र में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोग (एनसीडी), क्षय उन्मूलन और सिकल सेल उन्मूलन के लिए ठोस रणनीति पर विमर्श किया गया। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य यादव ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की दिशा में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत शिशुओं, किशोरियों, गर्भवती और धात्री महिलाओं की नियमित हीमोग्लोबिन जांच सुनिश्चित की जाए। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (**VHSND**) में गुणवत्तापूर्ण जांच, टीकाकरण और **ANMOL** 2.0 पर सटीक डेटा एंट्री की व्यवस्था की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के तहत उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, उपचार और बर्थ वेटिंग होम्स में सुरक्षित प्रसव की अनिवार्यता पर जोर दिया। प्रमुख सचिव यादव ने कहा कि पोषण ट्रैकर के प्रभावी उपयोग, छह माह तक केवल स्तनपान, मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्द्धन कार्यक्रम (**MMBASK**) के अंतर्गत कुपोषित बच्चों के प्रबंधन तथा आशा, एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गृह आधारित सेवाओं को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और प्रसूति सहायता योजनाओं के भुगतान में समयबद्धता बनाए रखना सुनिश्चित करें। गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम के लिए प्रमुख सचिव ने उच्च रक्तचाप, मधुमेह, फैटी लीवर और तीन प्रमुख कैंसर की स्क्रीनिंग को अनिवार्य बताया। उन्होंने एनसीडी पोर्टल पर सभी प्रविष्टियों की अद्यतन स्थिति बनाए रखने, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, ईट राइट अभियान, तेल की खपत में 10 प्रतिशत कमीं, फिट इंडिया और योग जैसी गतिविधियों के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने पर बल दिया।


# सांसद खेल महोत्सव में शामिल हुए सांसद जनार्दन मिश्र

**रघुराजगढ़, खैरा, ढेरा, नईगढ़ी और देवतालाब स्टेडियम में आयोजित किया गया सांसद खेल महोत्सव**



मऊगंज। जिलें में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिले में रघुराजगढ़, खैरा, ढेरा, नईगढ़ी और देवतालाब स्टेडियम मे सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें सांसद रीवा जनार्दन मिश्र शामिल हुए। पीएम श्री स्कूल रघुराजगढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरा, सांदीपनि विद्यालय ढेरा, देवतालाब स्टेडियम और मॉडल स्कूल नईगढ़ी में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, वालीबाल, क्रिकेट गिप्पी और रस्साकसी की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर सांसद मिश्र ने कहा कि खेल महोत्सव कार्यक्रम में खिलाड़ियों के उत्साह और प्रतिभा को देखकर अभिभूत हूं। यह आयोजन युवाओं को नरेंद्र मोदी जी के फिट इंडिया संकल्प से जोड़ता है। यह महोत्सव युवाओं की खेल प्रतिभा को पहचान देने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का सशक्त मंच बन रहा है। खेल से तन मन दोनों स्वस्थ्य रहते हैं। सांसद खेल महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य आमजनता को विभिन्न खेलों के माध्यम से नई ऊर्जा, अनुशासन और टीम भावना का संदेश देना है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने और प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर देश की युवा शक्ति नये और विकसित भारत के निर्माण के लिए आगे कदम बढ़ा रही है। युवा पीढ़ी ही नये भारत का निर्माण करेगी। युवा अपने को नशे से दूर रखकर देश के विकास में अपनी ऊर्जा लगायें। सांसद श्री मिश्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। सांसद ने विद्यालय में बच्चों के साथ वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश भी दिया। सांसद खेल महोत्सव में पार्टी पदाधिकारी, प्रशिक्षक, शिक्षकगण, विद्यार्थी, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# हर्रहा में खनन माफिया का आतंक : आदिवासियों की जमीन पर अवैध खनन



मऊगंज। जिले की हर्रहा ग्राम पंचायत से प्रशासनिक उदासीनता और खनन माफिया के द्वारा अवैध खनन का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। स्टोन क्रेशर के नाम पर दो एकड़ से अधिक जमीन पर अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे आदिवासी और गोंड समाज के गरीब परिवारों की जमीनें जबरन हथिया ली गई हैं।ग्रामीणों के अनुसार, खनन माफिया ने बिना किसी वैध अनुमति के 100 फीट से अधिक गहरी खाई खुदवा दी है। हैरानी की बात यह है कि इतना व्यापक अवैध कार्य होने के बावजूद प्रशासन पूरी तरह से अनजान है, जिससे क्षेत्र में भय और असंतोष का माहौल बन गया है।

### घरों में उड़ते पत्थर से गिरते रहते है

खनन के दौरान उड़ते पत्थर ग्रामीणों के घरों की छतों पर गिर रहे हैं, जिससे जान-माल का खतरा बना हुआ है। गांव के मुख्य रास्ते बंद हो जाते हैं, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

### आदिवासी की जमीन पर कब्जा

स्थानीय गोंड और आदिवासी समाज के लोगों का आरोप है कि उनकी पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा कर खनन किया जा रहा है। ना कोई मुआवजा, ना कोई जानकारी – सीधे जमीन खोद दी गई और पूरे इलाके को खनन क्षेत्र में तब्दील कर दिया गया।

### प्रशासन बना अनजान

दो एकड़ से अधिक भूमि में इतनी गहराई तक खुदाई कैसे हो गई, जबकि इसके लिए अनेक स्तर की अनुमति आवश्यक होती है? यदि यह कार्य अवैध है तो प्रशासन अभी तक कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा।

### ग्रामीणों की गुहार हमें बचाइए

आदिवासी समाज के लोगों ने मऊगंज जिला प्रशासन, खनिज विभाग, और राजस्व विभाग से इस अवैध खनन को रोकने की गुहार लगाई है। हर्रहा ग्राम पंचायत में अवैध खनन का यह मामला न सिर्फ पर्यावरण और सामाजिक ताने-बाने के लिए खतरा है, बल्कि यह प्रशासनिक तंत्र की नाकामी का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है। ऐसे मामलों में तत्काल प्रभाव से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाने की मांग की गई है।